कंबोडिया के मंदिर भारत और कंबोडिया की साझा सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं: लोकसभा अध्यक्ष

...

श्री बिरला ने ता प्रोहम मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए एएसआई को समर्पण की भावना के साथ काम करने का निर्देश दिया

...

अंगकोर वाट दुनिया के महान सांस्कृतिक आश्चर्यों में से एक है: लोकसभा अध्यक्ष

...

भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने कंबोडिया में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का दौरा किया।

...

नोम पेन्ह (कंबोडिया), 23 अप्रैल, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल, जो आजकल कंबोडिया में है, ने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थानों (अंगकोर वाट मंदिर और ता प्रोहम मंदिर) का दौरा किया।

ता प्रोहम में, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों ने श्री बिरला को मंदिर परिसर में किए जा रहे जीर्णोद्धार कार्य के बारे में जानकारी दी।श्री बिरला को बताया गया कि एएसआई ने पहले दो चरणों के जीर्णोद्धार का काम पूरा कर लिया है और तीसरे चरण के 2025 तक पूरा होने की संभावना है।

श्री बिरला ने ता प्रोहम में जीर्णोद्धार कार्य में शामिल एएसआई के अधिकारियों को समर्पण और सटीकता की भावना के साथ काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि जीर्णोद्धार के काम में एएसआई की भागीदारी सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है। ऐसे में इस काम के लिए उस पर जो भरोसा जताया गया है उसका पूरा सम्मान करने की जरूरत है।

अंगकोर वाट में, श्री बिरला ने मंदिर को दुनिया के महान सांस्कृतिक आश्चर्यों में से एक के रूप में वर्णित किया। मंदिर की वास्तुकला की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह भारत और कंबोडिया की साझा सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने अंगकोर वाट के जीर्णोद्धार का कार्य किया है। लोकसभा अध्यक्ष और संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सभी की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।